अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

<u>प्रतिवेदन</u>

विषय:- हिंसा मुक्त समाज की रचना में न्याय व्यवस्था की भूमिका

दिनांक:- 25 मई, 2021

(आभासी माध्यम से)

//प्रतिवेदन//

शहीद नंदकुमार पटेल जी की स्मृति के अवसर पर आयोजित व्याख्यान माला

विषयः— हिंसा मुक्त समाज की रचना में न्याय व्यवस्था की भूमिका।

दिनांकः— 25/05/2021 **समयः— 04:00 बजे**

(आभासी माध्यम से)

दिनांक 25/05/2021 को पूर्व मंत्री शहीद नंदकुमार पटेल जी की स्मृति में प्रथम व्याख्यान माला का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा किया गया जिसका विषय "हिंसा मुक्त समाज की रचना में न्याय व्यवस्था की भूमिका'' थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल जी, मुख्य वक्ता के रूप में श्री विवेक तन्खा, वरिष्ठ अधिवक्ता तथा डॉ. विवके वाजपेयी, प्रमुख समाजसेवी, डॉ.एल.पी. पटैरिया, कुलपति शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ सहित विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी अध्यक्ष के रूप उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में श्री विवेक तन्खा, सदस्य राज्यसभा एवं पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, भारत सरकार ने व्याख्यान के विषय ''हिंसा मुक्त समाज की रचना में न्याय व्यवस्था की भूमिका'' पर अपनी बात रखते हुए कहा कि न्याय व्यवस्था हिंसा मुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करता है उन्होंने झीरम घाटी की दुर्घटना को याद करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री, श्री उमेश पटेल ने अपने पिता के सिद्धांतों की चर्चा की और कहा कि वह अपने कर्तव्य के प्रति बहुत ही वफादार थे उन्होंने अपने बाल्य काल की घटनाओं का जिक्र करते हुये अपने पिता की भूमिका की चर्चा भी की तथा झीरम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति, आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने सर्वप्रथम शहीद नंदकुमार पटेल सहित झीरम के अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीद नंद कुमार पटेल के विशिष्ट कार्यों को याद किया तथा हिंसा मुक्त समाज के निर्माण में न्याय व्यवस्था की भूमिका को आवश्यक एवं अपरिहार्य कहा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम के संयोजक डॉ.एच.एस.होता ने शहीद नंदकुमार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन परिचय का वाचन किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से विश्वविद्यालय तथा संबद्ध महाविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्रगण सम्मिलित थे।

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)
गढ़बो नवा विश्वविद्यालय
ज. 08.11.1953
म. 25.05.2013
प्रथम शहीद नंदकुमार पटेल स्मृति व्याख्यान
"हिंसा मुक्त समाज की रचना में कानून एवं न्याय की भूमिका"
"Role of Law and Justice in Violent Free Society"
❖ 25 मई 2021, मंगलवार ❖ सायं 4:00 बजे
zoom
मुख्य अतिथि
माननीय श्री उमेश पटेल जी
केबिनेट मंत्री
उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर (छ.ग.)
मुख्य वक्ता
श्री विवेक तन्खा वरिष्ठ अधिवक्ता
सदस्य, राज्य सभा, पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल
भारत सरकार
अध्यक्षता
आचार्य ए.डी.एन. वाजपेयी
कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)
श्रद्धांजलि के स्वर
प्रो.(डॉ.) ललित प्रकाश पटेरिया
कुलपति
शहीद नन्दकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
डॉ. विवेक बाजपेयी
समाजसेवी
बिलासपुर (छ.ग.)
डॉ. एच.एस. होता
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि., बिलासपुर (छ.ग.)
संयोजक
डॉ. सुधीर शर्मा
कुलसचिव
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
समन्वयक
श्री सौमित्र तिवारी एवं सुश्री श्रिया साहू
सहायक प्राध्यापक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)